an>

Title: Need to accord necessary clearance to start mining operations in Forest land in different areas of Sasaram Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सासाराम (बिहार) के अन्तर्गत, कैमूर जिला के अधौरा प्रखण्ड में ग्राम झड़पा, घेरखनिया, बड़डिहां तथा लेवा में, खनिज संपदा, यथा बाक्साइट, चूना-पत्थर एवं अब्रकी एरेनाइट के पाये जाने की खबर है। खान मंत्रालय द्वारा जांच उपरान्त यह संज्ञान में आया है। परन्तु उक्त खनिज संपदा की भूमि वन क्षेत्र के अन्तर्गत होने के कारण, खनिज संपदा के खनन कार्य में रुकावट आ गई है, जिसे वन क्षेत्र से मुक्त कराने हेतु, मैंने खनन मंत्रालय तथा वन मंत्रालय से अनुरोध भी किया था, परन्तु अभी तक कोई भी कार्रवाई नही की गई है। इस क्षेत्र में अति पिछड़े लोग बसे हुए हैं तथा यहां गरीबी भी चरम सीमा पर है।

अतः उपाध्यक्ष महोदय, हमारा आपके माध्यम से विशेष अनुरोध है कि उपर्युक्त खनिज संपदा के खनन हेतु, वन क्षेत्र से उन्हें मुक्त कराने के लिए, संबंधित मंत्रालय को निर्देशित करने की कृपा की जाए, जिससे सरकारी राजस्व के साथ-साथ इस क्षेत्र के लोगों को भी रोजगार मिल सके तथा यहां की गरीबी पर कुछ हद तक काबू पाया जा सके। धन्यवाद